**202526**

| Total Printed Pages : 8 |
|---|
| Total Questions : 23 |
| Time : 3 Hours |
| Maximum Marks : 80 |

हायर सेकेण्डरी मुख्य परीक्षा वर्ष - 2025

**Higher Secondary Examination (Main) - 2025**

# समाजशास्त्र

# SOCIOLOGY

(Hindi & English Versions)

☞ **किसी भी प्रश्न के अंग्रेजी और हिंदी संस्करणों के बीच विसंगति के मामले में हिंदी संस्करण को अंतिम माना जाएगा।**
**In case of discrepancy between the English and Hindi versions of any question, the Hindi version will be treated as final.**

निर्देश :

(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
(ii) प्रश्न क्रमांक **1** से **5** तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक उप–प्रश्न का **1** अंक निर्धारित है। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों को छोड़कर सभी प्रश्नों में आंतरिक विकल्प का प्रावधान है।
(iii) प्रश्न क्रमांक **6** से **15** तक प्रत्येक प्रश्न के लिए **2** अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग **30** शब्द है।
(iv) प्रश्न क्रमांक **16** से **19** तक प्रत्येक प्रश्न के लिए **3** अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग **75** शब्द है।
(v) प्रश्न क्रमांक **20** से **23** तक प्रत्येक प्रश्न के लिए **4** अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग **120** शब्द है।
(vi) प्रत्येक प्रश्न के लिए आवंटित अंक उसके सम्मुख दर्शाए गए हैं।

**Instructions :**

(i) All questions are **compulsory**.
(ii) Question Nos. **1** to **5** are objective type questions. Each sub-question is allotted **1** mark. Internal options are given in all questions except objective type questions.
(iii) Question Nos. **6** to **15** are allotted **2** marks each. Word limit is about **30** words.
(iv) Question Nos. **16** to **19** are allotted **3** marks each. Word limit is about **75** words.
(v) Question Nos. **20** to **23** are allotted **4** marks each. Word limit is about **120** words.
(vi) Marks allotted to each question are mentioned against the question.

**1** **निम्नांकित प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए :** **1×6=6**

**(i)** **जाति का आधार है –**

(अ) धर्म (ब) जन्म

(स) कर्म (द) योग्यता

**(ii)** **औद्योगिक समाज की विशेषता है –**

(अ) विकसित बाजार प्रणाली (ब) प्रदत्त परिस्थितियाँ

(स) वैयक्तिक संबंधों में वृद्धि (द) अनौपचारिक नियंत्रण

**(iii)** **उपनिवेशवाद किस सोच का परिणाम है?**

(अ) मानवतावाद (ब) समाजवाद

(स) साम्राज्यवाद (द) आतंकवाद

**(iv)** **"ग्रामीण क्षेत्रों का नगरीय क्षेत्रों में बदलने की प्रक्रिया का नाम ही नगरीकरण है।" यह किसने कहा?**

(अ) एफ. सी. दुबे (ब) लुई विर्थ

(स) डी. एन. मजूमदार (द) ई. एफ. बर्गेल

**(v)** **संस्कृतिकरण शब्द की उत्पत्ति किसने की?**

(अ) एम. एन. श्रीनिवास (ब) महात्मा गांधी

(स) राजा राममोहन राय (द) एम. एस. ए. राव

**(vi)** **संविधान का 73वाँ संशोधन किससे सम्बन्धित है?**

(अ) राज्य के अधिकारों से (ब) पंचायती राज व्यवस्था से

(स) नगरपालिकाओं से (द) जनजातियों के आरक्षण से

**Choose and write correct option of the following :**

**(i)** **It is the basis of caste -**

(a) Religion (b) Birth

(c) Karma (d) Qualification

**(ii)** **It is the characteristic of industrial society.**

(a) Developed market system

(b) Given circumstances

(c) Increase in personal relationships

(d) Informal control

**(iii)** **Which thinking is the result of colonialism?**

(a) Humanism (b) Socialism

(c) Imperialism (d) Terrorism

**(iv)** **The process of converting rural areas in to urban areas is called urbanisation. Who said that?**

(a) F. C. Dube (b) Louie Wirth

(c) D. N. Majumdar (d) E. F. Bargel

(v) **Who originated the word Sanskritization?**

(a) M. N. Srinivas (b) Mahatma Gandhi

(c) Raja Rammohan Roy (d) M. S. A. Rao

(vi) **Who does the 73[rd] Amendment of the Constitution related to?**

(a) From the rights of state (b) From the panchayati raj system

(c) From municipalities (d) From tribal reservation

2 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : 1×6=6

(i) भारत की राष्ट्रीय जनसंख्या नीति 2000 के अनुसार सन् ________ तक जनसंख्या स्थिरता प्राप्त करने का लक्ष्य है।

(ii) स्वतंत्रता के बाद भारत में राज्यों का पुनर्गठन ________ के आधार पर किया गया।

(iii) भारत में पंचायती राज व्यवस्था लोकतांत्रिक ________ का मुख्य आधार है।

(iv) कृषि उत्पादन में तेजी से होने वाली वृद्धि को ________ कहा जाता है।

(v) जब सरकार द्वारा सार्वजनिक उद्योगों के शेयर, शेयरबाज़ार में बेचे जाने लगते हैं, तब इस प्रक्रिया को ________ की प्रक्रिया कहा जाता है।

(vi) मोबाइल पर ऑनलाइन गेम्स तथा व्हाटसएप की सुविधा के लिए ________ तकनीक से जुड़ना आवश्यक है।

**Fill in the blanks :**

(i) According to the National Population Policy of India, 2000, to target is to achieve population stability by the year ________.

(ii) After independence the states in India were reorganised on the basis of ________.

(iii) The Panchayati Raj System is the main basis of democratic ________ in India.

(iv) The rapid increase in agricultural productions is called ________.

(v) When the government starts selling shares of public industries in the stock-market, then this process is called ________.

(vi) For Online games and WhatsApp on mobile, it is necessary to connect with ________ technology.

3 निम्नलिखित वाक्यों के लिये सत्य या असत्य लिखिए : 1×6=6

(i) प्रबल जाति का संबंध उच्च जातियों से होता है।
(ii) राजा राममोहन राय को भारतीय राष्ट्रवाद का जनक भी कहा जाता है।
(iii) ग्राम पंचायत के सरपंच का निर्वाचन अप्रत्यक्ष मतदान प्रणाली द्वारा किया जाता है।
(iv) भारत में उदारीकरण की नीति का प्रारंभ सन् 1991 में हुआ।
(v) बहुराष्ट्रीय कम्पनियों का प्रमुख उद्देश्य विज्ञापनों पर अधिक निवेश करके उपभोक्ताओं में वृद्धि करना है।
(vi) इलेक्ट्रानिक अर्थव्यवस्था में कम्प्यूटर का योगदान नहीं है।

**Write True or False for the following sentences :**

(i) The dominant caste is related to the higher castes.
(ii) Raja Rammohan Roy is also called the father of Indian nationalism.
(iii) The sarpanch of the gram panchayat is elected by indirect voting system.
(iv) The policy of liberalization in India started in the year 1991.
(v) The main aim of multinational companies is to increase consumers by investing more on advertising.
(vi) Computers do not contribute to the electronic economy.

4 निम्नलिखित का एक शब्द / वाक्य में उत्तर लिखिए : 1×7=7

(i) मौद्रिक नीति क्या है?
(ii) भारत में द्वितीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष का नाम क्या है?
(iii) भारत में आजादी से पहले कृषि क्षेत्र में कौन–सी प्रथा प्रचलित थी?
(iv) "सेटेलाइट इनवेंशन इन इण्डिया" नामक पुस्तक के लेखक कौन हैं?
(v) मीडिया को "लोकतन्त्र का पहरेदार" किसने कहा?
(vi) गंगा के प्रदूषण को रोकने से सम्बन्धित कार्यक्रम का नाम क्या है?
(vii) शोषित महिलाओं को न्याय दिलवाने के लिए भारत सरकार द्वारा नियुक्त आयोग का नाम क्या है?

**Write the answer in one word / sentence of the following :**

(i) What is monetary policy?
(ii) What is the name of the chairman of the Second Backward Class Commission in India?
(iii) Which practice was prevalent in the agricultural sector in India before independance?
(iv) Who is the author of the book "Satellite Invention in India"?
(v) Who called media the "guardian of democracy"?
(vi) What is the name of the program related to preventing pollution of Ganga?
(vii) What is the name of the commission appointed by the Government of India to provide justice to exploited women?

5 निम्नांकित की सही जोड़ी बनाइए: 1×7=7

| | |
|---|---|
| (i) हिन्दु विवाह अधिनियम | (अ) समाज सुधार आन्दोलन |
| (ii) सांस्कृतिक पहचान | (ब) सोप ओपेरा |
| (iii) ज्योतिबा फुले | (स) फैक्स, ईमेल, टेलीफोन |
| (iv) सती प्रथा का अंत | (द) सामुदायिकता की भावना |
| (v) जमींदारी उन्मूलन | (इ) 1951 |
| (vi) वैश्विक संचार | (फ) 1955 |
| (vii) धारावाहिक की संगीतपूर्ण कड़ियाँ | (म) राजा राममोहन राय |

**Match the correct pair of the following :**

| | |
|---|---|
| (i) Hindu Marriage Act | (A) Social reform movement |
| (ii) Cultural identity | (B) Soap Opera |
| (iii) Jyotiba Phule | (C) Fax, e-mail, telephone |
| (iv) End of Sati Pratha | (D) Sense of community |
| (v) Abolition of Zamindari system | (E) 1951 |
| (vi) Global communication | (F) 1955 |
| (vii) Musical episodes of the serial | (M) Raja Rammohan Roy |

6 प्रतिस्थापन स्तर किसे कहते हैं? 2

What is called replacement level?

अथवा / OR

भारत में जनसंख्या नियंत्रण के कोई दो उपाय लिखिए।

Write any two measures to control population in India.

7 जनजातीय समुदाय किसे कहते हैं? 2

What is called tribal community?

अथवा / OR

जाति की कोई दो विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

Describe any two features of caste.

8 "अदृश्य हाथ" से क्या तात्पर्य है? 2

What is meant by "Invisible hand"?

अथवा / OR

भारविहीन अर्थव्यवस्था किसे कहते हैं?

What is called weightless economy?

9 भेदभाव को स्पष्ट कीजिए। 2

Discuss about Discrimination.

अथवा / OR

सामाजिक बहिष्कार की अवधारणा को स्पष्ट कीजिए।

Discuss the concept of social exclusions.

10 उपनिवेशक शासन के दौरान होने वाले किन्हीं दो संरचनात्मक परिवर्तनों को लिखिए। 2

State any two structural changes brought about by colonialism.

अथवा / OR

प्रवासन से क्या तात्पर्य है?

What is meant by migration?

11 ब्रह्म समाज के किन्हीं दो उद्देश्यों को लिखिए। 2

Write any two objectives of Brahmo Samaj.

अथवा / OR

मध्यकाल को 'अन्ध युग' क्यों कहा जाता है?

Why is the medieval period called the 'Dark age'?

12 दबाव समूह जनमत को प्रभावित करके सरकार को कैसे प्रभावित करते हैं? 2

How do pressure groups influence the government by influencing public opinion?

अथवा / OR

राजनीतिक दलों के कोई दो कार्यों को लिखिए।

Write any two functions of political parties.

13 कॉर्पोरेट संस्कृति किसे कहते हैं? 2

What is corporate culture?

अथवा / OR

विकसित और विकासशील देशों में क्या अंतर है? लिखिए।

What is the difference between developed and developing countries ? Write.

14 जनसंपर्क (मास मीडिया) हमारे दैनिक जीवन का एक हिस्सा किस प्रकार से है? 2
How is mass media a part of our daily life?

अथवा / OR

देश में छपने वाले कोई चार समाचार पत्रों के नाम लिखिए।
Write the names of any four Newspapers published in the country.

15 क्रान्तिकारी आन्दोलन किसे कहते हैं? 2
Which movement called a revolutionary movement?

अथवा / OR

सामाजिक आन्दोलन की कोई दो विशेषताएँ लिखिये।
Write any two characteristics of social movement.

16 उपनिवेशवाद के आने के पश्चात् भारतीय अर्थव्यवस्था किन अर्थों में बदली? विवेचना कीजिए। 3
Explain, in what ways did the Indian economy change after the coming of colonialism.

अथवा / OR

पूर्ण तथा अपूर्ण बाज़ार में कोई तीन अन्तर लिखिए।
Write any three differences between Perfect and Imperfect markets?

17 सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 को समझाइये। 3
Explain Right to Information Act, 2005.

अथवा / OR

धर्मनिरपेक्षता की कोई तीन विशेषताओं का वर्णन कीजिए।
Describe any three characteristics of Secularism.

18 उदारीकरण क्या है? समझाइये। 3
What is Liberalization? Explain.

अथवा / OR

भूमि सुधारों का भारतीय समाज पर क्या प्रभाव पड़ा?
What impacts did land reforms have on Indian Society?

19 औद्योगिक समाज की किन्हीं तीन विशेषताओं को लिखिए। 3
Write any three characteristics of industrial society.

अथवा / OR

मिश्रित अर्थव्यवस्था किसे कहते हैं?
What is a mixed economy?

20 राष्ट्रीय जनसंख्या नीति 2000 के उद्देश्य लिखिये। इस नीति की सफलता का मूल्यांकन कीजिए। 4

Write the objectives of National Population Policy 2000 and evaluate the success of this policy.

अथवा / OR

भारत में जनांकिकी की कोई चार विशेषताओं का संक्षिप्त में वर्णन कीजिए।

Briefly describe any four features of demography in India.

21 जाति की कोई चार प्रमुख विशेषताओं का वर्णन कीजिए। 4

Describe any four main characteristics of caste.

अथवा / OR

संयुक्त परिवार के किन्हीं चार गुणों का वर्णन कीजिए।

Describe any four merits of a joint family.

22 हम यह किस अर्थ में कह सकते हैं कि 'अक्षमता' जितनी शारीरिक है उतनी ही सामाजिक भी? 4

In what sense can we say that the 'disability' is as much social as it is physical?

अथवा / OR

भारतीय समाज में स्त्रियों की निम्न दशा के क्या कारण हैं? स्पष्ट कीजिए।

What are the reasons for the poor condition of women in Indian Society? Explain.

23 भारत में जनजातीय आन्दोलनों के आधारभूत कारणों की विवेचना कीजिए। 4

Describe the basic reasons of tribal movements in India.

अथवा / OR

निम्नलिखित पर लघु टिप्पणी लिखियेः

(1) चिपको आन्दोलन

(2) नवकिसान आन्दोलन

Write short notes on the following :

(1) Chipko Movement

(2) New-Farmer Movement